CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
PRESS RELEASE
Shri Arun Halder, Hon'ble Vice Chairman, National Commission for Scheduled Castes visited CLW

CHITTARANJAN, 8th SEP. 2021; Shri Arun Halder, Hon'ble Vice Chairman /National Commission for Scheduled Castes (NCSC),Govt. of India visited Chittaranjan Locomotive Works (CLW) on 7th SEP.2021. Shri Halder unveiled the Dr.B.R Ambedkar Social welfare complex at Simjuri Desh Bandhu Buniyadi Vidyalaya premises, and Dr.B.R Ambedkar sports complex at Oval ground as chief guest. Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager CLW graced the occasion as guest of honour. President of CLW SC/ST association, Sr.officers, Officers, members of CLW SC/ST association were also present during this inauguration.

Later Shri Halder, Hon'ble Vice Chairman chaired a meeting with Shri Satish Kumar Kashyup and other senior officers at administrative meeting room. During the meeting, Shri Halder had a detailed & cordial discussion about staff welfare measures taken in CLW and he appreciated the efforts and other initiatives taken by CLW towards staff welfare.

The News Editor

Issued by PR Deptt./CLW for further details contact:9163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

श्री अरुण हालदार,उपाध्यक्ष,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने किया चिरेका दौरा

चित्तरंजन,08,सितंबर2021;माननीय श्री अरुण हालदार,उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार ने 07 सितंबर 2021 को चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना(चिरेका) का दौराकिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री अरुण हालदार ने विशिष्ट अतिथि श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक, चिरेका और वरीय अधिकारियों की उपस्थिति मेंदेशबंधु बुनियादी विद्यालय,सिमजुरी प्रांगण स्थित बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर सोशल वेलफेयर कॉम्प्लेक्स एवं ओवल ग्राउंड स्थित डॉ भीम राव अंबेडकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया। इसके बाद श्री हालदारने महाप्रबंधक चिरेका के साथ एक बैठक किया।बैठक में अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याण हेतु विभिन्न विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा कीगई। इस बैठक में वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे।

संध्या में बासंती संस्था प्रांगण मेंउनके सम्मान में आयोजितकार्यक्रम में श्री अरुण हालदार उपाध्यक्ष,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार, श्री सतीश कुमार कश्यप,महाप्रबंधक, चिरेका एवं अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ/चिरेका के सदस्य , वरीय अधिकारी तथा कर्मचारी गण उपस्थित थे।

सेवामें,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग / चिरेका, चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004.

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
PRESS RELEASE
CLW recognized as an "Energy Efficient Unit"

CHITTARANJAN,9th SEP. 2021; Chittaranjan Locomotive Works has been recognized as an "Energy Efficient Unit" by the Energy Efficiency Council of Confederation of Indian Industry. Total 404 industrial units participated in the evaluation out of which 180 industrial units were shortlisted. Only 33 industrial unit out of 68 industrial units from the Auto, Engg & Railway sector were shortlisted. The certificate of "Energy Efficient Unit" was awarded after meeting the set benchmark and presentation before a panel of experts.

The News Editor

Issued by PR Deptt./CLW for further details contact:9163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

<u>चिरेका को मिली "ऊर्जा कुशल इकाई" की मान्यता</u>

<u>चित्तरंजन,09-09-2021</u>: भारतीय उद्योग परिसंघ की ऊर्जा दक्षता परिषद द्वारा चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) को "ऊर्जा कुशल इकाई" के रूप में मान्यता प्रदान की गई। कुल 404 औद्योगिक इकाई प्रतिभागियों के मूल्यांकन के बाद 180 औद्योगिक इकाइयों को सूचीबद्ध किया गया। इनमें से ऑटो, इंजीनियरिंग और रेलवे क्षेत्र की 68 औद्योगिक इकाइयों के बीच सिर्फ 33 औद्योगिक इकाइयों को अंतिम रूप से चयनित किया गया । विशेषज्ञों के एक पैनल के समक्ष निर्धारित बेंचमार्क और प्रस्तुति को पूरा करने के बाद चिरेका को "ऊर्जा कुशल इकाई" का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

सेवा में,

समाचार संपादक ------------------------जनसंपर्क विभाग/ चिरेका , चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004.

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

<u>चिरेका में राजभाषा पखवाड़ा 2021 का शुभारंभ</u>

<u>चित्तरंजन, 14-09-2021</u>: आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना(चिरेका) के महाप्रबंधक कार्यालय सभागार में आज 14 सितंबर 2021 को हिंदी दिवस पर राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक,चिरेका के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। साथ ही इस अवसर पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 145वीं बैठक का आयोजन भी किया गया।श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक,चिरेका ने मुख्य अतिथि के रूप में बैठक की अध्यक्षता की । इस बैठक में रवि शेखर सिन्हा , मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक सहित अन्य प्रमुख विभागाध्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से तथा अन्य सदस्य अधिकारीगण ने "वेबैक्स" के माध्यम से इस बैठक में भाग लिया। बैठक में कोविड-19 के सतर्कता के बाबत सुरक्षित मानदंडों का भी पालन किया गया। बैठक का संचालन डॉ मधुसूदन दत्त, राजभाषा अधिकारी,चिरेका के द्वारा किया गया। इस मौके पर महाप्रबंधक महोदय ने राजभाषा की उपयोगिता और इसके विकास के विषय पर चर्चा की , साथ ही राजभाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार एंव इसके सरकारी काम-काज में अधिकाधिक उपयोग करने का आग्रह किया ।

राजभाषा विभाग के तत्वाधान में राजभाषा पखवाड़ा के तहत विविध दिवसों पर हिन्दी में क्विज प्रतियोगिता,स्वरचित कविता पाठ ,हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता , श्रुत लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।

सेवा-में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
PRESS RELEASE
'SWACHCHTA PAKHWARA' started in CLW

Chittaranjan, 16th Sept' 2021; As per the direction received from Railway Board, 'Swachchta Pakhwara' is being organized at various locations in CLW premises from 16th to 30th Sept.,2021.

On the first day of the Swachchata Pakhwara, cleanliness and Sanitization driveprogrammes were held today in various offices like Main Shop, Steel Foundry, Store Depots, ELAAU Dankuni and store etc., wherein Officers and Staff actively participated, maintaining all precautionary measures of Covid-19.

To

The News Editor

Issued by PR Deptt./CLW for further details contact:9163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में 16 से 30 सितंबर तक "स्वच्छता पखवाड़ा 2021" का आयोजन

चित्तरंजन,15-09-2021 : रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशानुसार , चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेलनगरी में दिनांक 16 सितम्बर से 30 सितंबर तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। दिनांक 16 सितम्बर 2021 को पहले दिन कार्यक्रम के अनुसार "स्वच्छ वर्कशॉप अभियान" के तहत कारख़ाना मुख्य शॉप , ईएलएएयू दानकुनी ,**सेंट्रल पावर हाउस,** भंडार डिपो, आदि स्थलों पर साफ सफाई और सेनीटाईजेसन का काम किया जाएगा । कार्यक्रम में कोविड-19 के सतर्कता और सुरक्षा को लेकर सभी मान दंडों का पालन भी किया जाएगा। । जिसके तहत विभिन्न दफ्तरों और स्थलों पर स्वच्छता पखवाड़ा- 2021 का पालन किया जाएगा।

इसके अलावा इस पखवाड़ा के दौरान सितंबर माह में 17 को वेबिनार के माध्यम से स्वच्छ संवाद, 18 को स्वच्छ दफ्तर, 19 को स्वच्छ स्कूल, 20 को स्वच्छ संवाद, 21 से लेकर 24 तक स्वच्छ कॉलोनी, 25 और 26 को स्कूली बच्चों का स्वच्छता पर आधारित ऑन लाइन ड्राइंग कॉमपीटिसन, 27 और 28 को स्वच्छ आहार , 29 को कोविड-19 से बेहतर सुरक्षा के संबंध में स्कूली बच्चों के मध्य निबंध प्रतियोगिता और जानकारी संदेश और 30 को स्वच्छ बाज़ार कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। सभी कार्यक्रमों के दौरान कोविड-19 के सतर्कता और सुरक्षा को लेकर सभी मान दंडों का पालन किया जायेगा। इस अवसर पर चिरेका के कर्मचारी और अधिकारी गण भी सक्रिय रूप से मौजूद रहेंगे। रेलनगरी के विभिन्न मुख्य जगहों पर स्वच्छता पखवाड़ा के जागरूकता संदेश वाले फ्लेक्स व बैनर पोस्टर भी लगाये गये है। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान चिरेका के सोशल मीडिया पर संबंधित कार्यक्रमों का प्रचार प्रसार किया जाएगा साथ ही सिंगल यूज़ प्लास्टिक के रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान भी चलाये जायेंगे।

सेवामें,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में स्वच्छता पखवाड़ा 2021 का शुभारंभ

चित्तरंजन,16-09-2021: रेलवे बोर्ड के निर्देशानुसार, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेलनगरी में आज दिनांक 16 सितम्बर को स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। प्रथम दिन स्वच्छ वर्कशॉप अभियान के तहत कारख़ाना मुख्य शॉप ,सेंट्रल पावर हाउस , स्टील फाउंडरी , ईएलएएयू दानकुनी, भंडार डिपो आदि प्रांगण एवं कार्यालय स्थलों पर साफ सफाई और सेनीटाईजेसन का काम किया गया। इस मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कोविड-19 के सतर्कता और सुरक्षा को लेकर सभी मान दंडों का पालन भी किया गया। यह पखवाड़ा 30 सितम्बर 2021 तक आयोजित किये जायेंगे। इस स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत विभिन्न दफ्तरों और स्थलों पर विविध स्वच्छता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

सेवामें,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत कार्यालयों में स्वच्छता अभियान

चित्तरंजन,18-09-2021 : रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार ,चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेलनगरी में स्वच्छता पखवाड़ा का पालन किया जा रहा है। आज तीसरे दिन दिनांक 18 सितम्बर को "स्वच्छ कार्यालय" अभियान के तहत महाप्रबंधक प्रशासनिक भवन स्थित कार्यालयों , वर्क्स ऑफिस, डी एंड डी कार्यालय , के.जी अस्पताल व अन्य स्वास्थ्य केंद्र परिसर में साफ-सफाई और सेनीटाईजेसन का कार्य किया गया। साथ ही इन स्थलों के जल निकासी वाले नालों की भी साफ- सफाई की गयी। इस अभियान का हिस्सा बनकर संबंधित विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी के साथ योगदान दिया। इससे पूर्व 17 सितंबर को वेबिनार के द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों में "स्वच्छ संवाद" के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। इस सभी कार्यक्रमों के दौरान कोविड–19 के सतर्कता और सुरक्षा को लेकर सभी मानदंडों का पालन भी किया गया। इस पखवाड़ा का संचालन 30 सितम्बर 2021 तक किया जाएगा।

सेवामें,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में 'रेल कौशल विकास योजना' का शुभारंभ

चित्तरंजन,18-09-2021: उद्योग-प्रासंगिक कौशल बनाने के उद्देश्य के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए 17.09.2021 को आयोजित 'रेल कौशल विकास योजना' प्रशिक्षण कार्यक्रम में, चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) ने भी हिस्सा है। श्री अश्विनी वैष्णव , माननीय रेलमंत्री, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, भारत सरकार ने 17.09.2021 को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर चिरेका सहित 75 रेल संचालित प्रशिक्षण केन्द्रों पर 'रेल कौशल विकास योजना' का उद्घाटन किया। "आजादी का अमृत महोत्सव" को लेकर आज़ादी के 75 वर्षों के पुर्ण होने के अवसर पर प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तत्वावधान में भारतीय रेलवे द्वारा कौशल भारत मिशन के तहत यह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

इस वीडियो कांफ्रेंस में श्री सतीश कुमार कश्यप , महाप्रबंधक चिरेका भी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उपस्थित हुए। युवाओं को प्रशिक्षित करने की दृष्टि से , योजना में चार ट्रेड शामिल होंगे जैसे मशीनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन और फिटर। 'रेल कौशल विकास योजना' के तहत भारतीय रेल ने पचास हजार छात्रों को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य रखा है। इस अवसर पर चिरेका के महाप्रबंधक श्री सतीश कुमार कश्यप ने कौशल विकास पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा कि चिरेका का यह प्रयास है कि देश के युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने के सरकार के संकल्पित प्रयासों को सहयोग प्रदान करना।श्री कश्यप ने इस दौरान उपस्थित प्रतिभागियों से बातचीत की और उनके प्रश्नों का उत्तर दिया।इस कार्यक्रम में चिरेका के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

सेवा-में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में विश्वकर्मा पूजा का आयोजन

चित्तरंजन,18-09-2021:चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना(चिरेका)रेलनगरी स्थित विभिन्न कारख़ाना शॉप और स्थानों पर आज 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा का आयोजन आस्था और उल्लास के साथ किया गया। श्री सतीश कुमार कश्यप , महाप्रबंधक/चिरेका ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विभिन्न शॉप और स्थानों जैसे डब्ल्यूडी , सेंटर, पावर हाउस, टीएम और लोको असेंबली शॉप , स्टील फाउंड्री , ईडीपी सेंटर आदि का भ्रमण किया और भगवान विश्वकर्मा का दर्शन कर पूजा अर्चना की और सभी को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दी। पूजा पंडालों को रंगीन रोशनी और फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया है , साथ ही पंडालों में कोविड सतर्कता के पोस्टर भी लगाये गए है। हर वर्ष की तरह , इस वर्ष भी चिरेका वासियों द्वारा विधिवत विश्वकर्मा पूजा मनाया गया। इस दौरान कोविड के सुरक्षा मानदंडों का भी पालन किया गया।

सेवा-में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में स्वच्छता अभियान का पालन

चित्तरंजन,19.09.2021:चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना (चिरेका) रेलनगरी में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज 19 सितम्बर को साफ-सफाई अभियान चलाया गया। रेलनगरी स्थित चित्तरंजन रेस्ट हाउस परिसर और इसके आसपास के इलाके में साफ-सफाई अभियान चलाकर प्रांगण को स्वच्छ और पौलीथिन मुक्त किया गया। इस अभियान में सामूहिक रूप से वरीय अधिकारियों ने सक्रिय योगदान देकर परिसर एवं इसके आस पास के इलाके को स्वच्छ बनाया। इस अभियान के दौरान कोविड- 19 (कोरोना) के मद्देनजर सुरक्षा मानदंडों का भी पालन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में पदाधिकारियों ने बढ़ -चढ़ कर हिस्सा लिया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

<u>चिरेका में "स्वच्छ स्कूल"</u>और स्वच्छ संवाद **<u>का पालन</u>**

<u>चित्तरंजन,20.09.2021</u>: चिरेका रेलनगरी में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान के तहत आज20 सितम्बर को "स्वच्छ स्कूल" का पालन किया गया।रेलनगरी स्थित विद्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाकर प्रांगण को स्वच्छ किया गया। विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक, कार्यालय कर्मियों और पर्यवेक्षकों के सक्रिय योगदान से विद्यालय परिसर एवं इसके आस पास के इलाके , खेल-मैदान और नालों की साफ -सफाई की गयी। इस अभियान के दौरान कोविड- 19 (कोरोना) के मद्देनजर सुरक्षा मानदंडों का भी पालन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा अभियान में सभी ने उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया।

वहीं दूसरी ओर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छ संवाद का आयोजन किया गया। जिसके द्वारा रेलनगरी के वार्डन और वाइस वार्डन के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम को लेकर चल रही तैयारियों एवं क्षेत्र के लोगों को साफ सफाई जैसे नालों की सफाई, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करना, कूड़ा प्रबंधन का ध्यान रखना के प्रति जागरूकता के संबंध में समीक्षा की।

सेवामें,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं..
: 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

<u>चिरेका में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत "स्वच्छ कॉलोनी" अभियान</u>

<u>चित्तरंजन,21-09-2021</u> : रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार ,चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेलनगरी में स्वच्छता पखवाड़ा का पालन किया जा रहा है। आज 21 सितम्बर को "स्वच्छ कॉलोनी" अभियान तहत रेलनगरी के एरिया- 1 और एरिया - 2 में साफ-सफाई और सेनीटाईजेसन का कार्य किया गया। साथ ही इन स्थलों के जल निकासी वाले नालों की भी साफ- सफाई की गयी। कूड़ा प्रबंधन के माध्यम से भी कूड़े की साफ सफाई की गयी। संबंधित क्षेत्र के वार्डन , वाईस वार्डन, असिस्टेंट वार्डन आदि ने सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर इस अभियान को सफल बनाया। । कार्यक्रम के दौरान कोविड -19 के सतर्कता और सुरक्षा को लेकर मान दंडों का पालन किया गया। "स्वच्छ कॉलोनी " अभियान के तहत 22,23 और 24 सितंबर तक जारी रहेंगे। अलग अलग दिवस पर रेल नगरी के विभिन्न एरिया में सफाई की जायेगी।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में 'रेल कौशल विकास योजना' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत

चित्तरंजन,23-09-2021: उद्योग-प्रासंगिक कौशल बनाने के उद्देश्य के साथ आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवाओं को सशक्त बनाने के लिए चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) **में** 'रेल कौशल विकास योजना ' प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत 20.09.2021 को की गयी. प्रथम बैच के लिए वेल्डिंग ट्रेड की प्रायोगिक प्रशिक्षण 22.09.2021 को दी गयी.

"आजादी का अमृत महोत्सव" को लेकर आज़ादी के 75 वर्षों के पुर्ण होने के अवसर पर प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना के तत्वावधान में भारतीय रेलवे द्वारा कौशल भारत मिशन के तहत यह प्रशिक्षण दी जा रही है।

श्री सतीश कुमार कश्यप , महाप्रबंधक चिरेकाने सभी प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

CHITTARANJAN LOCOMOTIVE WORKS
PRESS RELEASE
"World Alzheimer's Day" organised in CLW

Chittaranjan, 23 Sept' 2021; A seminar on "World Alzheimer's Day" organised by K G Hospital in CLW on 22nd September,2021 by maintaining all COVID norms to spread awareness about Alzheimer's disease & the stigma that surrounds Alzheimer's related dementia. All doctors, nursing staff, & other Para medical staff were present in the seminar by maintaining social distancing.

In her welcome speech Dr. Mrs T. Chakraborty, ACMS/FW emphasized that Alzheimer's is a progresive disease that impairs memory and other mental functions.

An audio-visual presentation was given by Dr Jaydip Mitra, ACMS(Phy). He emphasized the need of raising campaign on Alzheimer's disease as it reveals that an average of 2 out of 3 people globally have little or no understanding of Alzheimer's disease and associated dementia in their countries.

Dr Abhijit Santra, ACMS/In charge KGH, in his conclusion emphasized that Alzheimer's disease is a type of dementia that causes problems with memory, thinking and behaviours that impede daily functioning.He asserted that there is no cure for Alzheimer's disease. The treatment modalities include medicinal, psychological and care giving aspects

To

The News Editor

Issued by PR Deptt./CLW for further details contact:9163340004

प्रेस विज्ञप्ति

<u>केजीएच चिरेका में विश्व अल्जाइमर दिवस" पर संगोष्ठी आयोजित</u>

<u>चित्तरंजन,23-09-2021</u> : चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना (चिरेका) स्थित केजी अस्पताल में 22 सितंबर, 2021 को "विश्व अल्जाइमर दिवस" पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सभी कोविडमानदंडों का पालन के साथ आयोजित इस संगोष्ठी में अल्जाइमर रोग और अल्जाइमर से संबंधित इसके रोकथाम को लेकर जागरूकता की जानकारी दी गयी। संगोष्ठी में सभी चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ और अन्य पैरा मेडिकल स्टाफ ने हिस्सा लिया।

अपने स्वागत भाषण में डॉ. श्रीमती टी.चक्रवर्ती, एसीएमएस/एफडब्ल्यू ने इस बात बल देते हुए कहा कि अल्जाइमर एक तेजी से फैलनी वाली बीमारी है जो स्मृति ज्ञान सहित अन्य मानसिक कार्यों को बाधित करती है।

डॉ जयदीप मित्रा, एसीएमएसफी/पीएचवाय ने ऑडियो-विजुअल प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। उन्होंने अल्जाइमर रोग पर अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होने कहा कि औसतन 3 में से 2 लोगों को अपने देशों में अल्जाइमर रोग और संबंधित मनोभ्रंश की बहुत कम या कोई जानकारी भी नहीं है।

डॉ अभिजीत संतरा, एसीएमएस/प्रभारी केजीएच, ने अपने निष्कर्ष में इस बात पर जोर दिया कि अल्जाइमर रोग एक प्रकार का मनोभ्रंश है जिसके कारण स्मृति , सोच और व्यवहार में समस्या पैदा हो सकती है ,साथ ही यह रोग दैनिक कामकाज में भी बाधा डाल सकती हैं। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि अल्जाइमर रोग का कोई इलाज नहीं है। उपचार के लिए तौर-तरीकों में औषधीय, मनोवैज्ञानिक और सावधानी पूर्वक देखभाल के तरीके को अपनाकर इस रोग के प्रभाव से बचा जा सकता है।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में "स्वच्छ कॉलोनी" अभियान

चित्तरंजन,23 सितम्बर **2021**: रेल मंत्रालय के निर्देशानुसार ,चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) रेलनगरी में स्वच्छता पखवाड़ा का पालन किया जा रहा है। 22-23 सितम्बर को "स्वच्छ कॉलोनी" अभियान के तहत रेलनगरी के एरिया- 3,4,5 और एरिया- 6 में साफ-सफाई और सेनीटाईजेसन का कार्य किया गया। साथ ही इन स्थलों के जल निकासी वाले नालों की भी साफ- सफाई की गयी। कूड़ा प्रबंधन के माध्यम से भी कूड़े की साफ सफाई की गयी। संबंधित क्षेत्र के वार्डन , वाईस वार्डन, असिस्टेंट वार्डन आदि ने सक्रिय रूप से हिस्सा लेकर इस अभियान को सफल बनाया। कार्यक्रमकेदौरानकोविड –19 केसुरक्षितमानदंडोंकापालनकियागया। "स्वच्छ कॉलोनी " अभियानकेअंतिमदिन24 सितंबरको स्वच्छता संबंधित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इससे पूर्व महाप्रबंधक कार्यालय परिसर एवं सुरक्षा आयुक्तकार्यालयमेंसघनसफाईअभियानचलायागया।इसअभियानमेंबड़ीसंख्यामेंअधिकारियोंकेसाथ-साथएएससी और आरपीएफकेजवानोंनेभीहिस्सालिया।आरपीएफस्थापनादिवससप्ताहऔरस्वच्छता पखवाड़ाकेअवसरपरमास्कपहननेऔरस्वच्छताकेसंबंधमेंजागरूकताकार्यक्रमभीआयोजितकियेगये।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

CHITTARANJANJAN LOCOMOTIVE WORKS

PRESS RELEASE

FIRE SAFETY AUDIT OPENING MEETING IN CLW

Chittaranjan, 23.09.2021: To conduct Fire Safety Audit in Chittaranjan Locomotive Works(CLW), a meeting with CLW officials & Board of Officers (BoO) CISF held on 23rd SEP.2021. Sri Satish Kumar Kashyup, General Manager/CLW outlined the importance of Fire Audit & advised to take measures to make CLW free from Fire incidences.

A detailed discussion on organization structure, facilities available, areas of concern and a route map for fire audit consultancy at CLW was discussed. Sr.Officers attended in the meeting and actively discussed various points.

To

The News Editor

Issued by the Public Relations Deptt.CLW Chittaranjan, for further info. 09163340004

चित्तरंजनरेलइंजनकारखाना

प्रेसविज्ञप्ति

चिरेका में फायर सेफ्टी ऑडिट ओपनिंग मीटिंग" का आयोजन

चित्तरंजन,23-09-2021 : चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना(चिरेका) में आज 23 सितंबर,2021 को "फायर सेफ्टी ऑडिट ओपनिंग मीटिंग " का आयोजन किया गया। श्री सतीश कुमार कश्यप महाप्रबंधक चिरेका बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित रहे उन्होंने फायर ऑडिट के महत्व को रेखांकित किया और चिरेका को आग की घटनाओं से मुक्त बनाने के उपाय करने की सलाह दी। सीआईएसएफ (तीन सदस्यीय) के बोर्ड ऑफ ऑफिसर्स (बीओओ) के सक्रिय योगदान से अग्नि सुरक्षा ऑडिट को लेकर इस संबंध में चिरेका के अधिकारियों के साथ यह ओपनिंग मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में संगठनात्मक संरचना , उपलब्ध सुविधाओं,संबंधित क्षेत्रों और चिरेका/चितरंजन में फायर ऑडिट कंसल्टेंसी के लिए रूप रेखा तय करने के निर्णय पर चर्चा की गयी। बैठक में अग्नि परामर्श दल द्वारा कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इस बैठक में वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक के दौरान कोविड के सुरक्षा मानदंडों का भी पालन किया गया।

सेवामें,

समाचारसंपादक

जनसंपर्कविभाग,चिरेका/ चित्तरंजनद्वाराजारीहै.अधिकजानकारीकेलिएटेलिफोननं..
: 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

<u>चिरेका के केजीएच में आरपीएफ़ ने किया फल वितरण</u>

<u>चित्तरंजन;24.09.2021</u>; चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना (चिरेका) में "आरपीएफ स्थापना दिवस सप्ताह- 2021" के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री तारिक अहमद,महानिरीक्षक सह प्र.मु.सु.आ./रे.सु.ब/चिरेका के नेतृत्व में 24 सितंबर,2021 को कस्तूरबा गांधी अस्पताल में इनडोर रोगियों के बीच फलों के पैकेट का वितरण का किया गया। इस मौके पर रेलवे सुरक्षा बल/चिरेका के श्री जयंत राय ,एससी/आरपीएफ/सीएलडब्ल्यू और श्री के. रायचौधरी,एएससी/आरपीएफ/सीएलडब्ल्यू सहित अन्य अधिकारीगण और कर्मचारी उपस्थित थे। श्री अहमद ,महानिरीक्षक सह प्र.मु.सु.आ और आरपीएफ के अधिकारियों ने इनडोर रोगियों को शुभकामनाएं दीं और रोगियों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिए मास्क पहनने, हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाए रखने आदि विषयों पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया और उपस्थित लोगों से खुद को संक्रमित होने से बचाने के लिए अपने दैनिक जीवन में इन मानदंडों का सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004.

Chittaranjan Locomotive Works

Press Release

FIT INDIA FREEDOM RUN 2.0 CYCLING ORGANISED IN CLW

Chittaranjan, 26/9/2021; To commemorate 75 years of Independence #AzadiKaAmritMahotsav. A Cycling event under #FitIndia Freedom Run 2.0 was organized, today by CLW Sports Association. Shri Satish Kumar Kashyup, General Manager /CLW &Patron CLWSA, Smt.Namita Kashyup, President/CLWWWO, Officers, Staffs, sports persons took part in the event.

The rally started from the Oval Ground covered local areas moved upto & ended at Sidhabari in which members of CLWWWO, Sr. Officers, Sports Persons and CLW staff took part following social distancing and wearing of face mask.

#AzadiKaAmritMahotsav

#Run4India

To

The Editor

Issued by the Public Relations deptt ./CLW For further information please contact 9163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 साइक्लिंग का आयोजन

चितरंजन,26-09-2021;देश की आज़ादी का 75 वर्ष का स्मरण में #आज़ादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर चितरंजन रेलइंजन कारखाना (चिरेका) खेलकूद संगठन द्वाराफिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 साइक्लिंग काआयोजन आज किया गया। श्री सतीश कुमार कश्यप,महाप्रबंधक सह सरंक्षक, चिरेका खेलकूद संगठन एवं श्रीमती नमिता कश्यप, अध्यक्षा, चिरेका महिला कल्याण संगठन के नेतृत्य में यहफिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 साइक्लिंग का आयोजन किया गया।आयोजितफिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 साइक्लिंग का संचालन चिरेका के ओवल मैदान से आरम्भ होते हुए चिरेका नगरी से सीधाबाड़ीतकचलाएवंवहांसंपन्नहुआ , जिसमे चिरेका महिला कल्याण संगठन के सदस्यों, वरीय अधिकारी , खिलाडी, कर्मचारी ने हिस्सा लिया।कोविद - 19 के निर्धारित सतर्कता तथा सुरक्षा नियम के मानदण्डों के पालन के साथ इस फ्रीडम रन का सफल आयोजन किया गया।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्कविभाग/चिरेका, चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं..:09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका में पुरस्कार वितरण के साथ राजभाषा पखवाड़ा का समापन

चित्तरंजन,28-09-2021:चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना(चिरेका)के अधिकारी क्लब सभागार में 28 सितंबर 2021 को राजभाषा पखवाड़ा समारोह का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं पुरस्कार वितरण के साथ किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत राजभाषा विभाग/चिरेका द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्री सतीश कुमार कश्यप, महाप्रबंधक,चिरेका ने हिन्दी में क्विज प्रतियोगिता ,स्वरचित कविता पाठ,हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता ,श्रुत लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर रवि शेखर सिन्हा , मुख्य राजभाषा अधिकारी सह प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक,अन्य अधिकारीगण सहित राजभाषा विभाग/चिरेका के सक्रिय सहयोगी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान कोविड-19 के सतर्कता के बाबत सुरक्षित मानदंडों का भी पालन किया गया।

ज्ञात हो कि राजभाषा के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य को लेकर हिंदी दिवस पर 14 सितंबर 2021 को राजभाषा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया था।

सेवा-में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग,चिरेका/ चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004

चित्तरंजन रेलइंजन कारखाना

प्रेस विज्ञप्ति

चिरेका महाप्रबंधक ने केजीएच में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस) का उद्घाटन किया

चित्तरंजन,28सितम्बर,2021; श्री सतीश कुमार कश्यप ,महाप्रबंधक/चिरेका ने चित्तरंजन रेलइंजन कारख़ाना (चिरेका) स्थित कस्तूरबा गांधी अस्पताल परिसर में 28 सितम्बर,2021 को चिकित्सकों और रेलटेल के अधिकारियों की उपस्थिति में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली का उद्घाटन किया।चिरेका इस सेवा को लागू करने वाला भारतीय रेल का पहला उत्पादन इकाई है। इस अवसर पर डॉ. ए.संतरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी/केजीएच सहित वरिष्ठ अधिकारी, चिकित्सक और रेलटेल के अधिकारीगण उपस्थित थे।

इस मौके पर अपने वक्तव्य में श्री कश्यप ने कस्तूरबा गांधी अस्पताल और रेलटेल की टीम को बधाई दी है और आशा व्यक्त कि की यह चिकित्सा जरूरतों को व्यवस्थित करेगा।

ज्ञात हो कि एचएमआईएस एक एकीकृत क्लिनिकल सूचना प्रणाली है ,जिसे बेहतर अस्पताल प्रशासन और रोगी स्वास्थ्य देखभाल के लिए पूरे भारत में लागू किया जाना है। एचएमआईएस के लागू होने से सभी जरूरतमंदों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जाना संभव होगा। मरीजों को तेजी से और परेशानी मुक्त स्वास्थ्य देखभाल की सुविधा मिल सकेगी। संपूर्ण चिकित्सा के आंकड़ें आसानी से उपलब्ध होंगे साथ ही डॉक्टर बेहतर क्लिनिकल जानकारी के साथ बेहतर इलाज करने में सक्षम होंगे। यह सुविधा एक बार लागू होने के बाद, एचएमआईएस प्रशासकों को एचएमआईएस में उत्पन्न होने वाले व्यवस्थित डेटा के साथ बेहतर निर्णय लेने में सहयोग करेगा।

सॉफ्टवेयर की विशेषताएं विभागों और प्रयोगशालाओं के अनुसार क्लिनिकल डेटा को अनुकूलित करने से लेकर, बहु-अस्पताल सुविधा जो मंत्रणा परामर्श प्रदान करती हैं, चिकित्सा और अन्य उपकरणों के साथ सहज इंटरफ़ेस प्रदान करती हैं और रोगियों को अपने मोबाइल डिवाइस पर अपने सभी मेडिकल रिकॉर्ड पहुंचने का लाभ प्राप्त होगा। एचएमआईएस के अंतर्गत करीब 20 मॉड्यूल हैं जिन्हें लागू किया जाएगा। इनमें क्लिनिकल , प्रशासनिक, रोगी सेवाएं और सहायक मॉड्यूल जैसे ओपीडी , आईपीडी, लैब्स, फार्मेसी, रेफरल, मेडिकल परीक्षाएं, सिक-फिट सर्टिफिकेशन, मेडिकल दावों की अदायगी आदि शामिल हैं।

सेवा में,

समाचार संपादक

जनसंपर्क विभाग / चिरेका, चित्तरंजन द्वारा जारी है.अधिक जानकारी के लिए टेलिफोन नं.. : 09163340004.